दैनिक ट्रिब्यून
The Tribune ਪੰਜਾਬੀ ਟ੍ਰਿਬਿਊਨ

राजपुरा में 1380 किलो नकली पनीर जब्त

पटियाला की खाद्य सुरक्षा टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजपुरा में 1380 किलोग्राम नकली पनीर जब्त किया है। यह कार्रवाई पुलिस से मिली सूचना के आधार पर की गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ) डॉ. गुरप्रीत कौर और खाद्य सुरक्षा अधिकारी (एफएसओ) ईशान बंसल के नेतृत्व में टीम ने एचआर 55 एएल 1436 नंबर की गाड़ी को रोका, जो हरियाणा से पंजाब में बिक्री के लिए कथित तौर पर नकली पनीर ला रही थी। गाड़ी को पुलिस पोस्ट कस्तूरबा चौकी, राजपुरा में रोका गया। खाद्य सुरक्षा टीम ने पनीर के दो नमूने जांच के लिए भेजे हैं, जबकि शेष 1378 किलोग्राम पनीर को जब्त कर लिया गया है। परख गुणवत्ता लैब की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिला फूड सेफ्टी टीम के अधिकारी ने बताया कि पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह, खाद्य और औषधि आयुक्त दिलराज सिंह और उपायुक्त पटियाला डॉ. प्रीति यादव ने नकली खाद्य पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं। प्रशासन ने नकली खाद्य पदार्थ बेचने वाले व्यापारियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने की बात कही है।

Source: https://www.dainiktribuneonline.com/news/punjab/1380-kg-fake-cheese-seized-in-rajpura/#google_vignette